# <u>सूचना</u>

इस चिकित्सा महाविद्यालय अंतर्गत नीट यूजी–2026 में एमबीबीएस पाठ्यक्रम हेतु आवंटन प्राप्त होने के उपरांत प्रवेश हेतु उपस्थित समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है:–

1. समस्त मूल दस्तावेजों की 01 प्रति के अलावा 04 सेट छायाप्रति स्वप्रमाणित (Self Attested) कर प्रदाय की गई दस्तावेजों की सूची के अनुसार ही व्यवस्थित कर जमा करे।
2. अपने एडमिट कार्ड पर पोस्ट कार्ड साईज फोटो अनिवार्य रूप से चस्पा करें।
3. समस्त फार्म एवं रजिस्टर पर वही फोटोग्राफ्स चस्पा करे जो प्रथम बार नीट यूजी 2026 रजिस्ट्रेशन हेतु उपयोग में लाया गया था।
4. काउंसिलिंग हॉल से प्रदाय किये गये समस्त प्रोफार्मा/फार्म को स्वयं की हस्तलिपि से Capital Writing में स्पष्ट रूप से भरना सुनिश्चित करें।
5. काउंसिलिंग हॉल में उपयोग मे लाये जा रहे समस्त रजिस्टर (1. रिपोर्टिंग 2. स्क्रूटनी 3. एडमिशन) को स्वयं की हस्तलिपि से Capital Writing में स्पष्ट रूप से भरना सुनिश्चित करें।

आदेशानुसार
नोडल अधिकारी
नीट यूजी काउंसिलिंग–2026

# प्रवेश की प्रक्रिया

1. रिपोर्टिंगः–

- छात्रों को Allotment Letter & Aadhar Card की प्रति लेकर रिपोर्टिंग स्थल पर उपस्थित होना।
- रिपोर्टिंग रजिस्टर पर Capital Writing में स्पष्ट रूप से अपनी जानकारी प्रविष्ट (Entry) करे।
- आवश्यक प्रोफार्मा एवं फाईल/फोल्डर प्राप्त करे।

2. स्क्रूटनीः–

- समस्त दस्तावेजों को तैयार करने के उपरांत फाईल एवं फोल्डर में रखकर स्क्रूटनी हेतु स्क्रूटनी समिति के समक्ष उपस्थित होवें।
- स्क्रूटनी की प्रक्रिया पूर्ण कराने के उपरांत कॅम्प्यूटर स्थल पर पहुँचकर अपनी स्क्रूटनी स्लिप निकलवाना सुनिश्चित करें।
- स्क्रूटनी स्लिप प्राप्त करने के उपरांत स्क्रूटनी स्थल पर उपस्थित होकर स्क्रूटनी रजिस्टर में Capital Writing में स्पष्ट रूप से अपनी जानकारी प्रविष्ट (Entry) करे।
- उक्त प्रक्रिया सम्पन्न कराने के उपरांत DME Portal से स्वयं की प्रोफाईल लॉगिन से (स्टैट कोटा के लिए) निर्धारित शुल्क जमा कर Reciept की दो प्रति लेकर प्रवेश स्थल पर पहुचना सुनिश्चित करें।

## 3. प्रवेशः–

- प्रोफाईल लॉगिन से निर्धारित शुल्क जमा कर Reciept की दो प्रति लेकर प्रवेश स्थल से प्रवेश संबंधी फार्म प्राप्त कर स्वयं की हस्तलिपि से Capital Writing में स्पष्ट रूप से भरना सुनिश्चित करें।
- प्रवेश समिति के समक्ष उपस्थित होकर प्रवेश संबंधी प्रक्रिया पूर्ण करवायें।
- प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कराने के उपरांत कॅम्प्यूटर स्थल पर पहुँचकर अपनी प्रवेश स्लिप निकलवाना सुनिश्चित करें।
- प्रवेश स्लिप प्राप्त करने के उपरांत फाईनल प्रवेश स्थल पर उपस्थित होकर प्रवेश रजिस्टर में Capital Writing में स्पष्ट रूप से अपनी समस्त जानकारी प्रविष्ट (Entry) करे।
- प्रवेश रजिस्टर में प्रविष्टि (Entry) करने के उपरांत फाईनल प्रवेश स्थल से प्रवेश स्लिप, जमा मूल दस्तावेजों का प्रमाण पत्र एवं अन्य आवश्यक स्लिप प्राप्त करने के उपरांत ही आपका एमबीबीएस पाठ्यक्रम में प्रवेश माना जावेगा। अतः उसके उपरांत ही काउंसिलिंग कक्ष से बाहर जावें।

आदेशानुसार
नोडल अधिकारी
प्रवेश समिति
नीट यूजी काउंसिलिंग 2026